अमर उजाला

बरेली
सोमवार, 9 फरवरी 2026

PAGE NO : 05 MIDDLE

गोल्डन स्ट्रोक प्रदर्शनी में सोनिया ने पाया प्रथम स्थान

रिद्धिमा के स्थापना दिवस पर पुरस्कार वितरण व सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। स्रोत : संस्था

बरेली। रिद्धिमा के पांचवें स्थापना दिवस-पर रविवार को फोटोग्राफी व चित्रकला प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। गोल्डन स्ट्रोक प्रदर्शनी में सोनिया कोहली और नजरिया प्रदर्शनी में हर्षित को पहला स्थान मिला। रिद्धिमा के विद्यार्थियों को भी प्रशंसा पत्र प्रदान किए गए।

इस मौके पर एसआरएमएस ट्रस्ट के संस्थापक व चेयरमैन देवमूर्ति ने प्रेरणास्रोत स्वतंत्रता सेनानी, पूर्व मंत्री समाजसेवी श्रीराम मूर्ति को याद किया। उन्होंने कहा कि आज बाबू जी की 116वीं जयंती है। उनकी याद में स्थापित रिद्धिमा के विभिन्न कोर्स में पांच वर्ष से लेकर 70 वर्ष तक के

रिद्धिमा के स्थापना दिवस पर नृत्य और गीत ने सजाया कार्यक्रम

विद्यार्थी प्रशिक्षण ले रहे हैं।

कला जगत में रिद्धिमा ने कम समय में अपना अलग मुकाम बना लिया है। कानपुर विश्वविद्यालय की पूर्व कुलपति डॉ. नीलिमा गुप्ता ने चित्रकला कार्यशाला 'द गोल्डन स्ट्रोक' और विजुअल आर्ट्स की तरफ से लगाई फोटोग्राफी प्रदर्शनी नजरिया का उद्घाटन किया। सभी ने प्रदर्शित पेंटिंग की सराहना की।

इससे पहले मां शारदे की मूर्ति के समक्ष दीप प्रज्वलन और पुष्पांजलि अर्पित करने के साथ स्थापना दिवस कार्यक्रम आरंभ हुआ। गायन गुरुओं ने सरस्वती वंदना और संस्थान गीत को अपनी आवाज दी। थिएटर गुरु विनायक श्रीवास्तव ने हास्य नृत्य नाटिका प्रस्तुत कर वाहवाही लूटी। कार्यक्रम का संचालन डा. अनुज कुमार ने किया।

समारोह में आदित्य मूर्ति, आशा मूर्ति, ऋचा मूर्ति, देविशा मूर्ति, उषा गुप्ता, डॉ. रजनी अग्रवाल, एयर मार्शल (सेवानिवृत्त) डॉ. एमएस बुटोला, डॉ. प्रभाकर गुप्ता, डॉ.शैलेश सक्सेना, डॉ. जसप्रीत कौर, डॉ. रीटा शर्मा, डॉ. आशीष कुमार, अजीत सक्सेना, विनीत वर्मा, आदि उपस्थित रहे। संवाद